Title: Need to protect the interests of workers engaged by Private Security agencies manning Government/Semi Government institutions-laid.

श्री राधा मोहन सिंह (मोतिहारी): सरकार के विभिन्न अस्पतालों, कार्यालयों एवं उपक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर बड़े पैमाने पर युवकों का शोाण हो रहा है। डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल, ऑल इण्डिया मेडिकल संस्थान, सुचिता कृपलानी अस्पताल, इफको, क्रिफको, एन.टी.पी.सी. एवं लगभग सभी तेल कम्पनियों में निजी ठेकेदारों को सुरक्षा का ठेका दिया हुआ है। सुरक्षा में लगे युवकों के पसीने की कमाई उचित रूप से नहीं दी जा रही है। कई स्थानों पर नियमित कर्मचारियों को जबरदस्ती निकाल कर, ठेके पर कार्य कराये जा रहे हैं। मार्डन फूड इण्डस्ट्रीज को हिन्दुस्तान लीवर ने खरीदा है। वहां पर भी नियमित कर्मचारियों को निकाल कर ठेके पर कार्य कराये जा रहे हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में एक नीति बनाकर ठेका प्रथा को समाप्त किया जाये ताकि कामगारों का शोाण न हो सके।